# कार्यालय प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्या,
## रायगढ़ वनमंडल, रायगढ़ जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

पिनकोड-496001 E-mail:duraigarh2025@gmail.com

क्र./जि.यू.रा./2025/ 1516 रायगढ़/दिनांक 15/07/2025

प्रति,

छत्तीसगढ़ संवाद
नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19
अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.)
Email-cgsamvadelemedia@gmail.gov.in

विषय :- विज्ञापन प्रकाशन करवाने बाबत् ।

---00---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति बरमकेला, झाल एवं जामगांव में रिक्त प्रबंधक पद की भर्ती हेतु रायगढ़ जिला के अंतर्गत सर्वाधिक लोकप्रिय एक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन दिनांक .18./.07./2025 को <u>एक बार प्रकाशित</u> कराकर समाचार पत्र की एक प्रति एवं देयक भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें ।

संलग्न :-सूचना प्रारूप की प्रति ।

प्रबंध संचालक
जिला लघु वनोपज सह.यूनि.मर्या.
रायगढ़ वनमण्डल, रायगढ़

पृ.क्र./जि.यू.रा./2025/ 1517 रायगढ़/ दिनांक - 15/07/2025

प्रतिलिपि :-

1. **प्रबंध संचालक,** छ.ग.राज्य लघु वनोपज (व्यापार/विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित कर लेख है कि प्रबंधक भर्ती विज्ञापन प्रारूप एवं निर्धारित आर्हताएं एवं चयन प्रक्रिया का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर के वेबसाइट में Upload करने का कष्ट करेंगे ।
2. **मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** बिलासपुर वनवृत्त बिलासपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।
3. **जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी, रायगढ़** की ओर सूचनार्थ प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त विज्ञापन को कलेक्टर जिला रायगढ़ के वेबसाईट jansampark.cg.gov.in में प्रकाशन करने का कष्ट करें।

कार्यालय प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्या. एवं वि. सहकारी संघ मर्या. नवा रायपुर)
पत्र प्राप्ति क्र. 11707
दिनांक 21/07/25

प्रबंध संचालक
जिला लघु वनोपज सह.यूनि.मर्या.
रायगढ़ वनमण्डल, रायगढ़(छ.ग.)

सचिव

D:\PMishra\Establishment\Prabandhak Bharti/Letter & order

# कार्यालय प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्या,
## रायगढ़ वनमंडल, रायगढ़ जिला- रायगढ़ (छ.ग.)

पिनकोड-496001 E-mail:duraigarh2025@gmail.com

क्र./जि.यू.रा./2025/ 1516 रायगढ़/दिनांक 15/07/2025

-:: विज्ञापन ::-

जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति बरमकेला, झाल एवं जामगांव में प्रबंधक पद के रिक्त पद के भर्ती करने के लिये योग्य उम्मीदवारों से दिनांक 15.07.2025 से 14.08.2025 समय 5.00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है । आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में **प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़** के नाम से संबोधित हो सीधे जिला यूनियन कार्यालय रायगढ़ में रजिस्टर एडी./स्पीड पोस्ट से भेजा जावें अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन मान्य नहीं होगा ।

| क्र. | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति का नाम | पदनाम | कुल रिक्त पद | आरक्षित वर्ग | प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के कार्य क्षेत्र में आने वाले तेन्दूपत्ता फड़/गांव का नाम जहां के निवासी से आवेदन प्राप्त होना है | कार्यालय जहां आवेदन पत्र प्रेषित किया जाना है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरमकेला | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | बरमकेला, रोहिनापाली, लिझिर बारदावन, टिट्हीपाली, कपरतुंगा | प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ (छ.ग.) |
| 2 | झाल | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | झाल,खम्हरिया, कालाखुंटा,लिमपाली, सराईपाली,बनवासपाली,पतेरापाली,आमापाली ,जामदलखा,जिरापाली,सेमरापाली | |
| 3 | जामगांव | प्रबंधक | 01 | अनारक्षित | जामगांव, मनुआपाली, सिकोसीमाल, बहरापाली, सराईपाली, छुईपाली, अण्डबहाल, सपनई | |

1. आवेदन कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 14.08.2025 शाम 5.00 बजे के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होगा ।
2. पोस्ट/डाक कार्यालय द्वारा आवेदन विलंब से प्रेषित करने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।
3. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताएँ आयु सीमा, अन्य आर्हताएँ, चयन प्रक्रिया तथा वेतन भत्ते संबंधित जानकारी जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित रायगढ़ वनमंडल रायगढ़ के नोटिस बोर्ड/संबंधित प्राथमिक वनोपज सह.समिति बरमकेला, झाल एवं जामगांव कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर के वेबसाईट **WWW.cgmfpfed.org** एवं कलेक्टर जिला रायगढ़ के वेबसाईट jansampark.cg.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है ।

प्रबंध संचालक,
जिला लघु वनोपज सह.यूनि.मर्या.
रायगढ़ वनमण्डल, रायगढ़

D:\PMishra\Establishment\Prabandhak Bharti/Letter & order

# प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित में प्रबंधक पद नियुक्ति तथा निर्धारित आर्हता एवं चयन प्रक्रिया

**(A) नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यतायेः-**

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण होगी ।
2. अभ्यर्थी का संस्था क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य होगा ।
3. यह आवश्यक होगा कि अभ्यर्थी संस्था क्षेत्र के ऐसे संग्राहक परिवार से हो, जिसने नियुक्ति के पूर्व के 05 वर्ष 2021 से 2025 तक में से कम से कम 03 वर्षों में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 500-500 गड्डी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया हो एवं तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्ड में अभ्यर्थी का नाम अंकित हो ।
4. अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर ज्ञान होना आवश्यक होगा है ।

**(B) आयु सीमा :-**

चयन में स्पर्धा करने हेतु पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित आयु पूरी करनी होगी अर्थात् :-

1. 01 जनवरी 2025 को आवेदक ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो और 35 वर्ष की आयु पूरी न की हो ।
2. यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति या अन्य पिछड़े वर्गो (गैर क्रीमीलेयर) का हो तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 05 (पांच) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
3. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिये विशेष उपबंध) नियम 1997 के प्रवधानों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिये उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी ।
4. छत्तीसगढ़ राज्य के भूतपूर्व सैनिक, अ.ज.जा./अ.जा. तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अधीन पुरस्कार प्राप्त एवं स्वयंसेवी नगर सैनिको को छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार आयु में शिथिलता प्रदान की जावेगी ।
5. उपरोक्त उल्लेखित किसी एक या एक से अधिक संवर्गों के अधीन आयु में छूट दिये जाने के उपरांत भी संघ के सेवा हेतु पात्र होने के लिये अधिकतम आयु किसी भी दशा में 45 वर्ष से अधिक नही होगी ।

**(C) अन्य अर्हतायें :-**

1. मानसिक तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हो ।
2. अन्य किसी भी सेवा नियोजन का गबनशुदा न हो, आर्थिक अथवा अन्य किसी अपराध के लिये कार्यवाही जारी/पंजीकृत न हो, किसी न्यायालय से सजायाफ्ता न हो ।
3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 1960 के प्रावधानों के अन्तर्गत किसी संचालक का परिभाषित संबंधी न हो, और न ही किसी सहकारी समिति का डिफाल्टर हो ।

**(D) चयन प्रक्रिया :-**

प्रवंधक पद चयन किये जाने हेतु 125 अंक निर्धारित किये जाते है, जो अभ्यर्थी की योग्यता के आधार पर निम्नानुसार प्रदान किये जायेंगे :-

(1) 10+2 हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल प्राप्तांक प्रतिशत के बराबर अंक प्रदान किये जायेंगे (अधिकतम 100 अंक) । उदाहरणार्थ - यदि किसी आवेदक को हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 75.05 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये है तो उसे 75.05 अंक दिये जायेंगे)

क्रमशः02

(2) स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको के अनुपात में 1/5 अंक दिये जायेंगे (अधिकतम- 20 अंक) (उदाहरणार्थ - 70 प्रतिशत प्राप्तांक को 14 अंक दिये जायेंगे)

(3) छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त किसी संस्था से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में प्राप्त सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा/डिग्री हेतु अधिकतम 5 अंक दिये जायेंगे । सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा हेतु 3 अंक एवं उच्चतर डिग्री हेतु 5 अंक दिये जायेंगे ।

**(E) नियुक्ति हेतु प्रक्रिया :-**

1. चयनित अभ्यर्थी को अपना मूल दस्तावेजों को चयन समिति के पास प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
2. कार्य पर उपस्थित होने के पूर्व प्रबंधक पद के लिये चयनित अभ्यर्थी का पुलिस विभाग से सत्यापन अनिवार्य होगा ।
3. चयनित अभ्यर्थी को चिकित्सा जांच (शासकीय चिकित्सालय) के मापदंडो में स्वस्थ पाया जाना अनिवार्य होगा इस हेतु अभ्यर्थी को जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
4. नियुक्ति के पूर्व अभ्यर्थी को प्रत्याभूति के रूप में रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार रूपये मात्र) नगद अथवा सावधि जमा अथवा सालवेन्सी के रूप में संस्था में जमा करना होगा ।
5. चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर कार्यरत रहेगा । तत्पश्चात उसे नियमित किया जावेगा ।

**(F) वेतन :-**

प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधको को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित रायपुर द्वारा निर्धारित वेतन देय होगा ।

**(G) यात्रा भत्ता :-**

प्रबंधको को संघ द्वारा स्वीकृत दरों पर यात्रा भत्ता देय होगा ।

प्रबंध संचालक
जिला लघु वनोपज सह.यूनि.मर्या.
रायगढ़ वनमण्डल, रायगढ़

# आवेदन-पत्र का प्रारूप

आवेदक अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा करें एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो सत्यापित करावें

प्रति,

प्रबंध संचालक
जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्या.
रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़(छ.ग.)

**आवेदित पद का नाम :-** प्रबंधक, प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या.,बरमकेला, झाल अथवा जांमगांव

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का पूरा नाम | ................................................................ |
| 2 | पिता/पति का नाम | ................................................................ |
| 3 | जाति (अना./अपिव/अजा./अजजा)<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | ........................... लिंग :- महिला / पुरूष |
| 4 | जन्म तिथि | ......../......../........... |
| 5 | दिनांक 01/01/2025 को आयु | दिन .......... माह .......... वर्ष ............. |
| 6 | आवेदक का स्थायी पता<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) | ................................................................<br>................................................................<br>................................................................ |
| 7 | डाक व्यवहार का वर्तमान पता | ................................................................<br>................................................................<br>................................................................ |
| 8 | (A) विगत पांच वर्षों में परिवार द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहित तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्ड की छायाप्रति संलग्न करें | वर्ष 2021 कार्ड क्र............. ..संग्रहित मात्रा ......<br>वर्ष 2022 कार्ड क्र............. ..संग्रहित मात्रा ......<br>वर्ष 2023 कार्ड क्र............. ..संग्रहित मात्रा ......<br>वर्ष 2024 कार्ड क्र............. ..संग्रहित मात्रा ...... |
| | (B) तेन्दूपत्ता सदस्यता क्र.एवं वर्ष<br>(सदस्यता रजिस्टर की छायाप्रति संबंधित समिति प्रबंधक से प्राप्त कर संलग्न करें) | वर्ष 2025 कार्ड क्र............. ..संग्रहित मात्रा ......<br>................................................................ |
| 9 | रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक/दिनांक<br>(छायाप्रति संलग्न करें) | ................................................................<br>................................................................ |

10 शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाई स्कूल | | | | | |
| 2 | हायर सेकण्डरी स्कूल | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | |
| 4 | कम्प्यूटर<br>(सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/डिग्री) | | | | | |

(प्रमाण-पत्र एवं अंकसूची की छायाप्रति राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करें )

11 क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है? ...........................................................
हां/नही (यदि हां तो सक्षम अधिकारी
द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित
छायाप्रति संलग्नकरें ।)

12 अनुभव :- यदि आप शासकीय/अर्द्धशासकीय/निगम/मण्डल में कार्यरत हैं तो निम्नलिखित प्रारूप को भरें

| क्र. | संस्था का नाम | धारित पद का नाम | धारित पद का वेतन | कार्याअवधि (कब से कब तक) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |

**टीप** :- यदि वर्तमान में कालम नं 12 में दर्शित पद पर कार्यरत है तो नियुक्तिकर्ता अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

**संलग्न किये गये शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता प्रमाण पत्रों की सूची-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | |
| 2 | | 7 | |
| 3 | | 8 | |
| 4 | | 9 | |
| 5 | | 10 | |

(कुल संलग्न सहपत्रों की संख्या ............. )

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

## // घोषणा पत्र //

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूॅ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सही है । यदि दी गई उपरोक्त जानकारी का कोई भी अंश असत्य पाया जाता है तो नियुक्ति के समय अथवा पश्चात् किसी भी समय विभाग द्वारा मेरी सेवा समाप्त किये जाने अथवा किसी भी दण्ड के लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूॅगा/रहूॅगी ।

**आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर**

16 JUL 2025